स्थापित 1968

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

₹5

श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग मासिक पत्रिका

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

अंक 4 ✦ प्रकाशन तिथि : 25 अक्टूबर 2020 ✦ वर्ष 9 ✦ कुल पृष्ठ 44 ✦ मूल्य ₹5

कोरोना महामारी में सावधानी बरतते हुए आओ दीपावली पर अपनी खुशियों का संसार ढूंढें, भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव मनायें

स्व. श्री स्वरूप चन्द जी जैन (मारसन्स)

(19 अगस्त 1927 – 31 अगस्त 2016)

जैन समाज के लिये आपका योगदान एवं समाज को
एक सूत्र में बांधे रखने का अन्तिम सन्देश सदैव स्मरणीय रहेगा।

आपका प्रेरणामय जीवन हमारे लिए सदैव पथ प्रदर्शक रहेगा।

MARSON'S
ISO 9001:2000 CERTIFIED COMPANY

समस्त परिवारीजन
स्टाफ एवं कर्मचारीगण

MARSON'S ELECTRICAL INDUSTRIES

(Prop. MEI Power Pvt. Ltd.)

www.marsonselectricals.com • E-mail : info@marsonselectricals.com
1/189, Delhi Gate, Civil Lines, Agra-282002 (India)
Ph : +91-562-2520027, 2850812 • Fax : +91-562-2851306

Works :
Mathura Road, Artoni, Agra - 282007 (India)
Ph : +91-2641448, 2642327-28 • Fax : +91-562-2641435

TRANSFORMERS EXPORTED TO OVER 15 COUNTRIES

सामाजिक चेतना एवं जागरुकता के लिये सजग

श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुख पत्र

(पल्लीवाल, जैसवाल, सैलवाल सम्बन्धित जैन समाज)

email : shripalliwaljain.patrika@gmail.com

मूल्य ₹ 5/-

अंक 4 ✦ 25 अक्टूबर 2020 ✦ वर्ष 9

कुल पृष्ठ : 44

पूर्व प्रकाशन मथुरा से, सम्प्रति जयपुर से प्रकाशित

महासभा पदाधिकारी

श्री आर.सी. जैन *(अध्यक्ष)*
(सेवानिवृत्त आई.ए.एस.)
एन-19, आदिनाथ नगर, जे.एल.एन. मार्ग,
जयपुर (राज.)-302018
मोबा. : 9414279070, 9829999335
E-mail : rcjainras@gmail.com

श्री राजीव रतन जैन *(महामंत्री)*
301-ए, सुख सागर अपार्टमेन्ट, 4, जानकी नगर मेन,
इन्दौर (म.प्र.)-452001, मोबा.: 9425110204
E-mail : jainrajeevratan@gmail.com

श्री अजीत जैन *(अर्थमंत्री)*
1द39, काला कुंआ हा.बोर्ड, अलवर (राज.)-301002
फोन : 0144-2360115, मोबा.: 9413272178
E-mail : akjain2021@yahoo.in

पत्रिका प्रबन्ध एवं सम्पादक मण्डल

डॉ. अनुपम जैन *(परामर्शदाता)*
'ज्ञानछाया', डी-14, सुदामानगर, इन्दौर-452009
फोन : 0731-2797790, मोबा.: 9425053822
E-mail : anupamjain3@rediffmail.com

श्री चन्द्रशेखर जैन *(संयोजक)*
86, मगन विला, श्री विहार कॉलोनी, होटल क्लार्क
आमेर के पीछे, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर-302018
फोन : 0141-2553272, मोबा.: 9829134926
E-mail : csjain30@yahoo.co.in

श्री प्रकाश चन्द जैन *(सम्पादक)*
78, बैंक कॉलोनी, महेश नगर विस्तार ''बी''
गोपालपुरा बाईपास, जयपुर-302015
मोबा.: 9828374013
E-mail : pcjain49@gmail.com

श्री पारस जैन गहनौली *(सह-सम्पादक)*
बी-204बी, 10-बी स्कीम, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302018, मोबा.: 9928715869

श्री महेश चन्द जैन *(अर्थ संयोजक)*
36-सी, कृष्णा विहार विस्तार, गोपालपुरा बाईपास,
जयपुर-302015, मोबा.: 9828288830
E-mail : 3466mahesh@gmail.com

संपादक की कलम से....

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा का मुखपत्र 'श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका' का प्रकाशन जयपुर से अप्रेल-2012 में प्रारम्भ हुआ। पत्रिका ही एकमात्र ऐसा साधन है जिससे समाज में होने वाली सामाजिक गतिविधियों व कार्यकलापों की जानकारी समाज के सम्मानीय सदस्यों व पाठकों तक पहुंचती है।

सम्मानीय सदस्यों व पाठकों को जानकारी हेतु यह बताना आवश्यक है कि 'श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका' प्रत्येक माह की 27 तारीख को जयपुर से डाक द्वारा भेजी जाती है। मैं स्वयं व सह-सम्पादक श्री पारस जैन गहनौली जी पत्रिका भेजने की कार्यवाही को पूर्ण सतर्कता के साथ करवाते हैं।

जब यह पत्रिका कुछ सदस्यों को नियमित प्राप्त नहीं होती है तो वे सामाजिक गतिविधियों की जानकारी से वंचित रह जाते हैं, जिससे उनको पीड़ा होना स्वाभाविक है और वे अपनी पीड़ा को समय-समय पर मोबाइल व व्हाट्सएप पर व्यक्त भी करते हैं। उनकी यह भी शिकायत रहती है कि जानबूझ कर हमारे पास नहीं भेजी जाती है या पत्रिका का कम मात्रा में प्रकाशन होता है एवं कई बार वे अपमानजनक शब्दों का भी उपयोग करते हैं। जबकि ऐसा होना बिल्कुल असम्भव है।

पत्रिका प्रबन्धन एवं सम्पादक मण्डल द्वारा पूरी एहतियात बरतते हुए शहरों के अनुसार अलग-अलग बण्डलों में बांधकर डिस्पेच करना सुनिश्चित किया जाता है। कई बार सदस्यों की मांग पर डिस्पेच करते समय डाकघर में उनकी पत्रिका की वीडियो बनाकर भी व्हाट्आप पर भेजी जाती है। पत्रिका संयोजक श्री चन्द्रशेखर जी जैन भी समय-समय पर डाक विभाग को इन समस्याओं के बारे में लिखते हैं। कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन में पत्रिका का मार्च 2020 से मई 2020 तक तीन माह का प्रकाशन नहीं हो पाया था। जून 2020 से पत्रिका का प्रकाशन नियमित रूप से हो रहा है। कोरोना के कारण डाक व्यवस्था में भी बाधा पहुंची है।

निवेदन है कि जिन सदस्यों को पत्रिका नहीं मिलती वे भी सम्बन्धित पोस्टमेन एवं डाकघर से इस विषय में सम्पर्क कर समस्या का हल करने में हमारा सहयोग करें। आपकी सुविधा हेतु 'श्री पल्लीवाल जैन पत्रिका' महासभा की वेबसाईट पर भी उपलब्ध है। आप सभी के सहयोग की कामना के साथ...

-आपका प्रकाश चन्द जैन

पत्रिका में प्रकाशित लेख एवं विचारों से सम्पादक मण्डल का सहमत होना आवश्यक नहीं है। यह लेखकों के निजी विचार माने जाने चाहिये।

भावभीनी श्रृद्धांजलि



पूजनीय पिताजी स्व. श्री प्यारेलाल जी जैन चौधरी
श्रद्धेय माताजी स्व. श्रीमती असरफी देवी जी जैन
(मूल निवासी - मौजपुर, अलवर)

स्व. श्रीमती इन्दु जी जैन
(धर्मपत्नी श्री पदम चन्द जैन)
(स्वर्गवास : 30.12.2018)

हम सभी परिवार के सदस्य सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुये भगवान वीर से उनकी चिर आत्मीय शांति की प्रार्थना करते हैं।

श्रद्धावनत

पुत्र :
पदम चन्द जैन
पौत्र-पौत्रवधु :
पारस जैन-रश्मि जैन,
पौत्री-दामाद :
डिम्पल-राजेश जैन
सिम्पल-नितिन जैन
प्रिती-उत्तम कोठारी
पड़पोत्री-पौत्र :
चेल्सी जैन-अक्षत जैन

पुत्र :
अनूप चन्द जैन
पौत्र-पौत्रवधु :
हेमन्त जैन-मधु जैन
पौत्री-दामाद :
सुनिता-सुनिल
अनिता-परवेश
विनिता-प्रताप
पड़पौत्र :
रोबीन-मानस

निवास:- बी-52, कीर्ति नगर, टोंक रोड, जयपुर
फोन : 0141-2706317, 9829066317, 9414055855

दर्शन

❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊❊

दर्शन बोलचाल की भाषा में बोलने वाला एक सामान्य शब्द है जिसका मतलब हम सभी जानते हैं।

सभी जानते हैं कि दर्शन शब्द संस्कृत से लिया हुआ है और इसका अर्थ होता है देखना अर्थात जिसके द्वारा या जिसे समझ कर देखा जाए वही दर्शन कहलाता है। यहाँ देखने का मतलब आंखों से देखना नहीं है बल्कि तार्किक अंतःदृष्टि से देखना है अर्थात जिसके द्वारा यथार्थ तत्व की अनुभूति हो वही दर्शन है।

दर्शन हमें चीजों को देखने व उन्हें समझने का नजरिया देता है। इसलिए दर्शन हमारे जीवन के लिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हम जैसी वस्तु देखते हैं वैसे ही हमारे भाव बनते हैं, यदि हम अश्लील चित्र देखते हैं तो हमारे मन में राग भाव जागेंगे, यदि किसी देश भक्तों का चित्र देखते हैं तो हमारे मन में देशभक्ति के भाव जागेंगे, यदि किसी साधु संतों के चित्र या उनको प्रत्यक्ष देखेंगे तो त्याग भाव जागेंगे कहने का तात्पर्य यह है कि जैसे भाव मन में जागृत होंगे वैसा ही कर्म बंध होगा चाहे वह पुण्य का हो या फिर पाप का।

दर्शन शब्द को अंग्रेजी भाषा में फिलॉसफी कहते हैं और यह दो शब्दों से मिलकर बना है जिसका अर्थ होता है प्रेम और ज्ञान और इस प्रकार दर्शन का अर्थ होता है ''ज्ञान से प्रेम करना''। मनुष्य अपने जीवन में चारों ओर फैले हुए संसार को जानने व देखने का इच्छुक होता है, सभी प्रकार के ज्ञान को प्राप्त करना चाहता है और यही उसकी दार्शनिकता होती है।

यदि दर्शन शब्द को हम व्यापक रूप से जोड़ें तो यह आत्मा परमात्मा के स्वरूप की व्याख्या करता है। धर्म के अनुसार देखें तो दर्शन उस विद्या को कहा जाता है जिसके द्वारा तत्व का ज्ञान हो सके। दर्शन का क्षेत्र केवल (सिर्फ) ज्ञान तक ही सीमित नहीं है बल्कि समग्र व्यक्तित्व को अपने आप में समाहित करता है। दर्शन चिंतन का विषय नहीं बल्कि अनुभूति का विषय है। दर्शन हमारी भावनाओं को प्रतिबिंबित करता है और भावनाएं हमारे कार्य को नियंत्रित करती हैं।

दर्शन, ज्ञान की वह शाखा है जिसमें संपूर्ण ब्रह्मांड एवं मानव के वास्तविक स्वरूप की विवेचना की जाती है। दर्शन की अनेकों परिभाषाएं सामने आती हैं जब हम इसके बारे में विचार करते हैं या उसकी आत्म अनुभूति करते हैं तो इसकी परिभाषा में प्राकृतिक, सामाजिक, आत्मवादी आदि, सभी दर्शन के अर्थ को समझाते हुए हमें सोचने पर मजबूर करते हैं कि आखिर ये दर्शन है क्या ?

दर्शन सही मायने में क्या है,

दर्शन यानी देखना! दर्शन शास्त्र का अर्थ भी अपनी–2 नजर से देखना ही है!

आत्मा के द्वारा आत्मा को देखना! स्वयं का स्वयं को देखना! हमारे सारे शास्त्रों का, तपस्या, पूजा, पाठ आदि का एक ही मात्र लक्ष्य हैं देखना, दर्शन! इसमे ये संकेत हैं कि स्वयं को देखने के लिये उन आवरणों को हटाना पड़ेगा जो कि आत्मा को ढके हुवे हैं, उसके बिना हम आत्मा को देख ही नही सकते! एक अभ्यास में ही जीवन बीत जाता हैं फिर भी गारंटी नही की दर्शन हो या ना हो!

हम सभी भगवान के, साधु संतों के, महापुरुषों के दर्शन भी करते हैं, इनका भी लक्ष्य वही हैं चित्त की शुद्धता, ताकि हम तटस्थ भाव से खुद को निहार सके, निखार सके, लेकिन दिक्कत तब आती हैं हम मंदिर जाते हैं, भगवान के दर्शन करने और उलझ जाते हैं कहीं और, हम मंदिर के अंदर तो जाते हैं लेकिन ध्यान हमारा भगवान की तरफ नहीं होता, उनसे बात नहीं कर पाते, हम उस गहराई तक उतर ही नहीं पाते, और अगर उतर पाये तो वो हमें अपने भीतर ही नजर आने लगेंगे! और हमें दर्शन लाभ हो पायेगा लेकिन हम उस ऊंचाइयों को छू ही नहीं पाते और वर्षों मंदिर के चक्कर लगाकर भी कहीं पहुँच ही नहीं पाते!

देखने का काम आत्मा का है, आँख खुली हो तब भी मन में अगर कुछ और चल रहा हो तो सामने की कोई वस्तु हमें दिखाई नहीं देती हैं!

अंतर केवल इतना है इस दर्शन के लिये आँख खुली ना रहकर बंद रहती हैं ! जो हम खुली आँखों से देखते हैं और जो हमारी स्मृति में अंकित है उसे भी बाहर निकालना पड़ेगा! ये दर्शन के रास्ते में रुकावट उत्पन्न करते हैं! विचार शांत हो, भाव शुद्ध हो, तब ही जीवन सहज हो सकता है, अपने अंदर का प्रकाश प्रकट होता है! जीवन का मूल लक्ष्य प्रकट होता है, और भीतरी शक्तियों का आभास होता है! तब दर्शन की प्रक्रिया शुरू होती है, अनावश्यक छूटने लगता है, नश्वर और शाश्वत का भेद स्पष्ट होने लगता है, यही दर्शन जीवन दर्शन बनता है, और स्वयं का स्वयं से परिचय होने लगता

है! बस यही है जीवन का दर्शन, इसमें भूमिका ज्ञान की होती है, एक से अनेक कैसे बनते हैं, इसकी जानकारी को विज्ञान कहा जाता है लेकिन हमारे भीतर एक ईश्वर बैठा हुवा है, जो इसकी जानकारी दे उसे ज्ञान कहा जाता है, और निश्चित रूप से आत्मा की खोज तो ज्ञान द्वारा ही सम्भव है, ज्ञान से ही आचरण बनता है और आचरण ज्ञान मिलकर ही दर्शन का मार्ग बनाते हैं।

दर्शन का बहुत अधिक महत्व है हमारे जीवन में, क्योंकि यह जगत् की उत्पत्ति के साथ–साथ जीने की उत्कंठा की सार्थकता को भी बताता है, प्रकृति के रहस्यों को ढूंढने से शुरू होकर, यह चिंतन उसके सामाजिक व लक्ष्य को केंद्र बिंदु भी बनाता है।

दर्शन को मुख्य रूप से हम दो प्रकार से ग्रहण करते हैं पहला सूक्ष्म तात्विक ज्ञान के रूप में और दूसरा जीवन की आलोचना और जीवन की क्रियाओं की व्याख्या के रूप में।

मनुष्य में चिंतन करने का गुण विद्यमान है, मनुष्य एक ऐसा प्राणी है जो सोच सकता है। मानव में विवेक अर्थात बुद्धि की प्रधानता है जिससे वह विश्व की विभिन्न वस्तुओं को देखकर उनके मूल स्वरूप को जानने की कोशिश करता रहता है, अपनी बौद्धिकता से वह अनेक प्रश्नों के उत्तर जानने के लिए बाध्य हो जाता है, जैसे– विश्व का स्वरूप क्या है? आत्मा क्या है? आत्मा का शरीर से क्या संबंध है? आदि अनेक ऐसे दृष्टिकोण हैं जिसे हम दर्शन के माध्यम से जान सकते हैं। अपनी आत्मा पर ढके हुए आवरण को हटाकर हमें यथार्थ को देखना है वही हमारा लक्ष्य है कहने का तात्पर्य यह है कि 'दर्शन' यथार्थ की परत के लिए एक दृष्टिकोण है।

अंत में, मैं इतना ही लिखूंगी कि दर्शन से ही जीवन का मुख्य लक्ष्य प्रकट होता है, हमें आत्म अनुभूति होती है, दर्शन से ही स्वयं का स्वयं से परिचय होता है, दर्शन स्वयं को यह स्मरण दिलाता है कि हमारे अंदर कितनी शक्ति, क्षमता है जिसे समर्थ बनाने के लिए अभ्यास की आवश्यकता है और वह अभ्यास आत्मा की खोज है जो ज्ञान व दर्शन से ही संभव है और वही जीवन के दर्शन का मार्ग प्रशस्त करता है।

–डॉ. रंजना जैन

पर्ल पैशन, बापू नगर, जयपुर

सामाजिक विषमता दूर करता है 'दान'

हिंदू संस्कृति में दान को बहुत महत्व दिया गया है। सभी धर्मों, उपनिषदों के अलावा श्रीमद्भगवद् गीता के 18वें अध्याय में भगवान श्री कृष्ण कहते हैं कि यज्ञ, तप और दानकर्म मनुष्य को कभी नहीं छोड़ने चाहिये।

दान का अर्थ है जो कुछ भी हमारे पास है उसे उपयोग तक सीमित नहीं रखते हुए समाज के साथ बांटना। इसलिए दान केवल धन का ही नहीं होता। जिसके पास ज्ञान है वह ज्ञान का तथा जिसके पास समय है वह समय का दान दे सकता है। यहां तक कि जिसके पास कुछ नहीं है तो वह दुःखी के साथ सहानुभूति प्रकट कर उसका दुःख दूर करने में सहायक हो सकता है।

दान तीन प्रकार का होता है– सात्विक दान, राजसिक दान, तामसिक दान।

सात्विक दान– जो दान उपयुक्त समय पर सुपात्र व्यक्ति को बिना प्रतिफल की अपेक्षा (निष्काम भाव) से दिया जाता है वह सात्विक दान होता है। दान करने वाला व्यक्ति दान को अपना कर्तव्य मानता है ना कि उसे लोक में प्रसिद्धि या पारलौकिक जीवन के लिए पुण्य का साधन।

राजसिक दान– जो दान बिना मन के अथवा बदले में उपकार की इच्छा अथवा प्रतिफल में पुण्य की अपेक्षा के साथ किया जाता है वह राजसिक दान होता है। दान करने वाला व्यक्ति दान को प्रति उपकार, प्रतिफल का साधन मानता है कि कर्तव्य कर्म।

तामसिक दान– जो दान ग्रहण करने वाले को तुच्छ या हीन समझ कर दिया जाता है वह तामसिक दान होता है। शास्त्रों में सात्विक दान को उत्तम, राजसिक दान को मध्यम तथा तामसिक दान को निकृष्ट कहा गया है। हालांकि इसे दान नहीं देने की अपेक्षा अच्छा कहा गया है। हमारे पूर्वज, मनीषियों ने दान का धर्म के साथ अटूट संबंध जोड़ कर उसे आवश्यक धर्म घोषित किया है। शुद्ध हृदय से अपनी शक्ति अनुरूप दान दीजिये।

दान के लाभ– (1) दान हम में उपस्थित दुर्गुणों तथा मोह, लोभ, कंजूसी, भय (धन खोने का) को दूर करने में सहायता करता है।

(2) दान देने से हम प्रकृति से बेहतर सामंजस्य बना सकते हैं। प्रकृति में स्वाभाविक रूप से लेने और देने का क्रम निरंतर बना रहता है जिससे चीजों का संतुलन बना रहता है।

(3) आर्थिक विषमता के युग में लोग स्वेच्छा से किसी की सहायता करते हैं तो समाज में अपराध लूट आदि की संभावना घटती हैं। अतः स्वेच्छापूर्वक दान देना चाहिए।

(4) जैसा कि हम जानते हैं कि एक दिन सभी को ना केवल संपत्ति, रिश्तेदार छोड़ने हैं बल्कि यह शरीर भी छोड़ना होगा, अतः दान द्वारा हम छोड़ने की प्रवृत्ति की शुरुआत कर सकते हैं। एक हाथ से दिया दान हजारों हाथों से लौटकर आता है।

–मंजू जैन

71/7, मानसरोवर, जयपुर

पल्लीवाल जैन समाज के लिए 2 अक्टूबर का महत्त्व

हम भारत वासियों के लिए 2 अक्टूबर का दिन महान दिवस है। इस पवित्र दिवस पर अहिंसा के पुजारी, युगदृष्टा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी, जिन्होंने दुनिया को सत्य और अहिंसा पर चलना सिखाया और श्री लाल बहादुर जी शास्त्री भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जिन्होंने विनम्रता और सादगी का संदेश दिया। दोनों महापुरुषों का जन्मदिवस मनाया जाता है। उन्हें हम शत् शत् नमन करते हैं।

2 अक्टूबर का दिन हमारे पल्लीवाल समाज के लिए भी बहुत ही महत्वपूर्ण दिवस है। अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा की स्थापना 20 अप्रेल 1969 को भरतपुर में आयोजित प्रथम अधिवेशन में हुई थी। इसके गठन में डॉ. क्रान्ति कुमार जी जैन का विशेष योगदान रहा था। अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा के गठन का उद्देश्य समाज को संगठित कर परस्पर सदभाव व प्रेम बढ़ाना तथा समाज के सभी व्यक्तियों का नैतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक तथा शारीरिक विकास करना है। इस अधिवेशन में सर्वसम्मति से प्रथम कार्यकारिणी का मनोनयन किया गया था, स्व. श्री हरिराम जी कोठारी अलवर, अध्यक्ष एवं डॉ. क्रान्ति कुमार जी जैन जयपुर महामंत्री निर्वाचित हुए थे। इस अधिवेशन में समाज सुधार के अनेक प्रस्ताव पास हुऐ थे, इसी अधिवेशन में यह प्रस्ताव भी पास किया गया था कि (डॉ. क्रान्ति कुमार जी जैन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार) पल्लीवाल समाज के बन्धु जहां–जहां भी निवास करते हैं उन सभी स्थानों शहरों, कस्बों व गांवों में गांधी जयंती के अवसर पर 2अक्टूबर को हमारे समाज द्वारा सामूहिक रूप से उत्सव के रूप में मनाया जाये। समाज को संगठित करने, समाज में एकता कायम करने व आपस में प्रेमभाव जागृत करना, इस प्रस्ताव का मुख्य उद्देश्य समाज के उस समय के नेतृत्व करने वाले समाज सेवियों का था। अहिंसा जैन धर्म का मुख्य सिद्धांत है, इसलिए अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी जी के जन्म दिवस को, पल्लीवाल जैन समाज द्वारा उत्सव के रूप में मनाए जाने के लिए स्वीकार करने की समाज की भावना हो।

वर्ष 1969 में महासभा की स्थापना के बाद से ही आगरा, जयपुर, अलवर, कोटा, ग्वालियर, देहली, पालम, मुरेना, भरतपुर, अजमेर आदि बड़े शहरों, कस्बों, आगरा ग्रामीण एवं अनेक गांवों में मनाया जाता था, और अनेकों स्थानों पर अभी भी मनाया जाता है। कुछ शाखाएं 2अक्टूबर के बजाय अन्य तिथियों पर मनाते है। सभी शाखाएं यदि 2अक्टूबर को ही सामूहिक उत्सव पल्लीवाल मेले के रूप में मनाए तो एकरूपता रहेगी और हमारा संगठन सुदृढ़ होगा।

जयपुर में हमारे समाज द्वारा करीब 50 वर्षों से हमेशा 2अक्टूबर को सामूहिक समारोह के रूप में पल्लीवाल जैन मेले के रूप में मनाया जा रहा है। इस वार्षिक मिलन समारोह में समाज के अधिकांश परिवार आपस में मिलते–जुलते हैं। शैक्षिक एवं खेल कूद प्रतियोगिताऐं, समाज की प्रतिभाओं को, त्यागी वृतियों को सम्मानित किया जाता है। सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं। रक्तदान शिविर लगाया जाता है। सामूहिक भोज होता है जिसका अलग ही आनन्द होता है। हर वर्ष यादगार प्रोग्राम होता है।

दुर्भाग्यवश इस वार्षिक मिलन समारोह को विश्वव्यापी कोरोना महामारी के कारण केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के निर्देश व गाइड लाइनों के कारण महासभा की जयपुर शाखा वअन्य शाखाएं आयोजित नहीं कर पायी हैं। जिससे हम सभी एक–दूसरे से मिलने से वंचित रह गए। पिछले 6 महिने से हम आपस मे एक दूसरे से मिल नहीं पा रहे हैं। घरों में बंद हैं। अभी भी निश्चित नहीं की हम कब आपस में मिल पायेंगे। मेरे दिल में इस वर्ष बड़ी वेदना रही कि हम 2अक्टूबर का वार्षिक उत्सव–मेला आयोजित नहीं कर पाए और जयपुर के जिस 2अक्टूबर के वार्षिक उत्सव में, मैं स्वयं 1986 से 2019 तक लगातार 34 वर्ष तक उपस्थित रहा हुं इस बार कोरोना महामारी के कारण वंचित रहना पड़ा जिसका मुझे दुःख हो रहा है।

मुझे विश्वास है कि ईश्वरीय कृपा एवं हम सभी की पूर्ण सावधानियों से इस महामारी से जल्दी ही निजात मिलेगी और हम सब बड़े उत्साह से मिलेंगे।

जयपुर शाखा द्वारा इस वर्ष 27 सितम्बर से 2अक्टूबर तक लगाएं गये रक्तदान शिविर के लिए शाखा कार्यकारिणी व शिविर के संयोजकों को साधुवाद।

–श्रीचंद जैन, जयपुर

धर्मपरायण, कुशल प्रशासक एवं दृढ इच्छाशक्ति के धनी

स्व. श्री नन्द किशोर जैन

मूलतः बडेर, अलवर निवासी श्री नन्द किशोर जैन का जन्म 11.08.1936 को अलवर शहर में स्व. श्री छाजूराम जैन के यहां हुआ था। मात्र 6 वर्ष की उम्र में ही अपनी माता स्व. श्रीमती कल्याणी देवी को खो देने के उपरोक्त इनका अधिकांश बचपन अलवर में ही घर के समीप ही स्थित ननिहाल में व्यतीत हुआ। पिताजी के पटवारी के पद से सेवानिवृत्ति उपरांत इनकी किशोर एवं युवावस्था संघर्षमय रही। वर्ष 1955 राजकीय सेवा हेतु जयपुर आये एवं यही के होकर रह गये। वर्ष 1956 में इनका विवाह स्व. श्रीमती सरला देवी से हुआ जिससे इन्हें एक पुत्री एवं तीन पुत्रों की प्राप्ति हुई।

राजकीय सेवा के दौरान ही इन्होंने स्नातक एवं कानून की डिग्री प्राप्त की। सेवाकाल के दौरान निदेशालय कोष एवं लेखा में निजी सहायक, कार्यालय अधीक्षक, प्रशासनिक अधिकारी के पद पर रहते हुए अगस्त 1993 में सेवानिवृत्त हुए। सेवाकाल के दौरान लेखा संवर्ग के समाजजनों की नियुक्ति, पदस्थापन, स्थानान्तरण आदि कार्यों में अपनी क्षमता से परे जाकर सहयोग प्रदान किया। समाज बन्धुओं के अन्य राजकीय विभागों में अटके कार्यों को शीघ्र निस्तारित करवाने हेतु सदैव तत्पर रहे। कई समाजजनों की नियुक्ति करवाई। वैसे तो सम्पर्क करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की मदद हेतु सदैव तत्पर रहते थे, किन्तु जैन समाज विशेषकर पल्लीवाल समाज के युवाओं व्यवसायियों, व्यापारियों की मदद करके उन्हें आत्मीय सुख एवं शांति का अनुभव होता था। अपने सेवाकाल के दौरान लम्बे समय तक विभागीय समिति के अध्यक्ष रहे।

वे अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा शाखा जयपुर के दो बार अध्यक्ष (1999–2001 एवं 2003–2005) रहे। इनके कार्यकाल में जयपुर में सर्वप्रथम वर्ष 2000 में पदमपुरा में सामूहिक विवाह का अयोजन हुआ।

निधन के समय स्व. श्री नन्द किशोर 84 वर्ष की आयु पूर्ण कर अपने निज निवास एस–37, वसुन्धरा कॉलोनी, जयपुर में निवासरत थे। उनके 13.10.2020 को देवलोकगमन से पल्लीवाल जैन समाज ने सेवाभावी, कर्मठ, धर्मपरायण, सामाजिक कार्यों मे सदैव अग्रणी रहने वाले समाजसेवी को खो देने से समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। श्री नन्द किशोर जी असीम प्रेम, धर्मानरागी, कठोर इच्छा शक्ति, विद्वता, अपनत्व, एवं दूरदृष्टि के धनी होने के साथ–साथ कुशल प्रशासक रहे हैं।

वर्ष 2019-2020 में 10वीं, 12वीं में मेरिट में आये समाज के प्रतिभाशाली बच्चों को पुरष्कृत करने के लिए आवेदन की सूचना

पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति वर्ष 2013 से पल्लीवाल समाज के लिए शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। हर वर्ष समाज के 10वीं व 12वीं कक्षा में 95% या अधिक अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को सम्मानित करने व उनके मनोबल को समाज के सामने प्रोत्साहित करने के लिए एक समारोह आयोजित कर सम्मानित करती आ रही है। इस वर्ष कोरोना जैसी महामारी ने सभी सामूहिक आयोजनों को प्रभावित कर दिया है। यदि स्थितियां अनुकूल हो जाती हैं तो दिसम्बर 2020 या जनवरी 2021 में शिक्षा समिति ने इस बार भी भव्य समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है। अतः आप सभी समाज बंधुओं व अभिवावकों से विनम्र निवेदन है कि वृहद प्रचार कर समाज के ऐसे बच्चों जिन्होने सैकेण्डरी एवं हायर सैकण्डरी की परीक्षा में 95% या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हो, का विवरण अर्थात (1) अंक तालिका की फोटो कॉपी (2) बच्चे का पासपोर्ट साइज का एक फोटो (फोटो के पीछे उसका नाम, पिता का नाम) (3) माता, पिता का नाम व पूरा पता मय मोबाइल नं. निम्न पते पर 20 नवम्बर 2020 तक डाक या व्यक्तिगत भिजवाने में सहयोग करें।

अशोक कुमार जैन

मंत्री, पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति

2–बी, रामद्वारा कॉलोनी, महावीर नगर,

दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन के पास, टोंक रोड,

जयपुर–302018

मोबाइल नं. 9414047684

अपील

पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति शिक्षा के क्षेत्र में सन् 2013 से अनेक योजनाओं का कुशलता के साथ संचालन कर रही है। आप सभी के संस्था में विश्वास व आर्थिक सहयोग का ही परिणाम है कि शिक्षा समिति ने अल्प समय में ही जयपुर की शिव ऑफिसर कॉलोनी, जगतपुरा में एक भव्य भवन, जिसमें एक पब्लिक प्राइमरी स्कूल व 14 कमरे के हॉस्टल का निर्माण कार्य शुभारम्भ किया। इसके लिए समिति आप सभी का आभार व्यक्त करती है। कोरोना महामारी के भयानक अवरोध के बाबजूद आप सभी के असीम स्नेह एवं आर्थिक सहयोग से **372 वर्ग गज में 12,500 स्कवायर फीट का पांच मंजिला भवन** का भव्य निर्माण कार्य समाज के वरिष्ठ इंजीनियर, आर्किटेक्ट एवं हमारे मार्गदर्शक व प्रेरणास्रोत आदरणीय श्री आर.सी. जैन साहब की देखरेख में पूरा हो चुका है। अब फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। कार्यकारिणी इसे दिसम्बर 2020 तक पूर्ण कराकर आप सभी की उपस्थिति में समाज को समर्पित करने का भरसक प्रयास कर रही है। कुछ धन की कमी की संभावना है। इसके लिए समिति को आप सभी के मार्गदर्शन व सहयोग की पल-पल पर आवश्यकता है। समाज के सभी बन्धुओं, माताओं, बहनों एवं युवा वर्ग से निवेदन है कि इस महती परियोजना के लिए अपना योगदान देकर पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति को अनुगृहित करें। आप यह राशि चैक या नगद भिजवाने का कष्ट करें। जिससे धनाभाव के कारण इस परियोजना में बिलंब न हो। जमा राशि की रसीद आपको तुरंत भिजवा दी जाएगी।

द्वितीय फेज में, इस भूखंड के बगल में बहुत ही मौके का लगभग 250 वर्ग गज का भूखंड है, समिति उसे लेने का प्रयास कर रही है। कार्यकारिणी ने इस भूखंड की खरीद व निर्माण के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया है।

1. एक गज भूमि के लिए दान राशि रु. 21,000/-
2. एक गज भूमि + उस हिस्से पर निर्माण के लिए दान राशि रु. 31,000/-
3. छोटे कमरे के लिए दान राशि रु. 3 लाख
4. बड़े कमरे के लिए दान राशि रु. 5 लाख
5. हॉल के लिए दान राशि रु. 11 लाख
6. पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति का स्थाई संरक्षक सदस्य बनने के लिए राशि रु. 1 लाख यथावत रहेगी। संरक्षक सदस्य आजीवन व बाद में उनके द्वारा नामित सदस्य भी आजीवन संरक्षक सदस्य बने रहेंगे।

आप सभी से विनम्र अनुरोध है कि आप व्यक्तिगत रुचि लेकर इस समाज उपयोगी कार्य में अपनी भागीदारिता सुनिश्चित कर अपना सहयोग प्रदान करें। कोरोना महामारी के कारण हम व्यक्तिगत रूप से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। इस महामारी के काल में ईश्वर आपको व आपके परिवार को स्वस्थ व सुरक्षित रखे। इन्हीं भावनाओ के साथ।

बैंक विवरण :

खाता धारक : **पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति**
बैंक : आई.सी.आई.सी.आई, राजस्थान यूनिवर्सिटी कैंपस, जयपुर
खाता सं. : 677701700681
IFSC Code : ICIC0006777

अध्यक्ष	*मंत्री*	*कोषाध्यक्ष*
प्रो. डॉ. ताराचंद जैन	**अशोक कुमार जैन**	**अनिल कुमार जैन**
(रिटा.) (पर्ल ग्रुप)	*(भू.पू. महामंत्री महासभा)*	*(स.महाप्रबंधक बीएसएनएल, से.नि.)*
मोबाइल : 9929769939	मोबाइल : 9414047684	मोबाइल : 9414001041

रजि. कार्यालय : **'दांतिया हाउस' सी-22, इंद्रपुरी, लाल कोठी, जयपुर-15, फोन : 0141-2742467**

TRAFO
Power & Electricals Pvt. Ltd.

TRAFO POWER & ELECTRICALS PVT. LTD.

AN ISO 9001:2008 COMPANY

PRODUCTS

-POWER & DISTRIBUTION TRANSFORMERS

-PRESSED STEEL RADIATORS

-SPECIAL PURPOSE TRANSFORMERS

-PACKAGE SUBSTATION



CONTACT

Trafo Power & Electricals Pvt. Ltd.
C-20 Site-C U.P.S.I.D.C., Industrial Area, Sikandra,
Agra, Uttar Pradesh - 282007, India

Phone No : +91-562-3290391
Fax : +91-562-2640388
E-mail : info@trafo.co.in

In Loving Memory of

Late Sh. Shyamlal Ji Jain & Late Smt. Jaidevi Ji Jain

Raj Kumar Jain - Sushila Jain
(Son & Daughter in Law)

Vikas Jain - Babita Jain
Vipin Jain - Ritu Jain
(Grand Son & Grand Daughter in Law)

Abhilasha Salecha - Nitin Salecha
Manisha Jain - Sanjeev Jain
(Grand Daughter & Grand Son in Law)

JAPAN KARATE-DO NOBUKAWA-HA SHITO-RYU KAI INDIA

UNIT-RAJASTHAN

LEARN

KARATE CLASSES

1. Self Defence Course.
2. Black-Belt Training Programme.
3. Yoga Training For Karate Students.
4. Organise District, State, National, International Championships & Training Programme.

FRENCH CLASSES

1. Prepare For Basic French Language.
2. Prepare For Delf Exam. (Conduct by Allaince De Français)

CONTACT :

Vipin Jain
3rd Dan Black Belt
Chief Karate Instructor of Rajasthan & West India Coordinator
9829180895
www.karatedorajasthan.com

Firm :

Jain Packing Materials

(Traders of Packing Materials & Machines)
46, Royal Complex, Medical Market, Near Railway Station, Ajmer (Raj.)

Residential Address :
464, "Shyam Sadan", Near Palliwal Digamber Jain Temple, Pal Bichla, Ajmer

अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

हमारे श्रद्धेय जीजाजी

स्व. श्री नन्द किशोर जी जैन

(भूतपूर्व अध्यक्ष, अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा, शाखा जयपुर)

के दिनांक 13 अक्टूबर 2020 को
आकस्मिक देवलोक गमन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए
वीर प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

श्रद्धावनत

सुभाषचन्द - महादेवी पालीवाल
एवं शोकाकुल परिवार

निवास

फ्लेट नं. 1, एम.डी. वैष्णवी णाम, ब्लॉक-सी, डी.एच. रोड, जोका, कोलकाता-700104
मोबाईल : 9163652457

द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

श्री महावीर प्रसाद जी जैन

(स्वर्गवास 27.10.2017)

हम सभी परिवारजन आपके प्रेरणादायक चरित्र और जीवन का स्मरण करते हुए श्रद्धा पूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं

श्रद्धावनत

मुन्नी देवी जैन
(धर्मपत्नी)

वीरेन्द्र कुमार-महारानी जैन
राजेन्द्र प्रसाद-कुसुम जैन
राधे लाल-विनोद जैन
माया देवी

पवन कुमार-नीरू *(पुत्र-पुत्रवधु)*
पंकज जैन *(पुत्र)*
शालिनी-सुमित *(पुत्री-दामाद)*
कुनाल, प्रशम, ऋषभ, सारा

एवम् समस्त परिवारजन सकतपुर वाले (आगरा)

निवास :
फ्लेट नं. 203, गोल्डन सौभाग्य, बी-81, राजेन्द्र मार्ग,
बापू नगर, जयपुर-302015
सम्पर्क : 9811793746, 9810013895, 9540729705

भावभीनी श्रद्धांजलि



स्व. श्री महावीर प्रसाद जी जैन

(सुपुत्र स्व. श्री हरीशचन्द्र जी जैन)

(पुण्यतिथि : 21.5.2017)

स्व. ई. श्री मोहित कुमार जी जैन

(सुपुत्र स्व. श्री महावीर प्रसाद जी जैन)

(पुण्यतिथि : 9.8.2018)

हम आपको सादर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए
भगवान वीर से आपकी चिर आत्मीय शांति की प्रार्थना करते हैं।

श्रद्धावनत

श्रीमती मिथलेश जैन
(धर्मपत्नी)
डॉ. मेघा जैन-डॉ. पीयूष जैन
(पुत्री-दामाद)

श्रीमती मिथलेश जैन
(माँ)
डॉ. मेघा जैन-डॉ. पीयूष जैन
(बहन-बहनोई)

मोहित कुमार जैन ट्रस्ट (पंजि.)

ए/165, पालम एक्सटेंशन, सेक्टर 7, द्वारका, नई दिल्ली-110077
दूरभाष : 9599660709, 9599230509

शाखा आगरा

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा द्वारा ऑल इंडिया लेवल पर एक भजन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया था। पूरे भारत देश और विदेशों से पल्लीवाल समाज के सभी प्रतिभावान प्रतियोगियों ने भाग लिया जिसमें से आगरा शैली से कैटेगरी द्वितीय में प्रथम स्थान कुमारी ख्याति जैन और कैटेगरी तृतीय में द्वितीय स्थान श्रीमती अदिति जैन ने प्राप्त किया। दोनों प्रतियोगियों को एम.डी. जैन इंटर कॉलेज में पुरस्कार दिए गए और बधाई और शुभकामनाएं दी गई।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री शिव कुमार जी जैन (शाखा अध्यक्ष) ने की, विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती रेखा जी जैन (राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) एवं मुख्य अतिथि श्री जितेंद्र कुमार जी जैन (पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री), श्री विमल जी जैन (संयुक्त मंत्री), श्री प्रमेंद्र जी जैन (क्षेत्रीय संगठन मंत्री), केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य श्री निर्मल कुमार जी जैन (अलमारी वाले) एवं श्री मनीष जैन (ठेकेदार), श्रीमती वंदना जैन सह संयोजिका (महिला मंडल), श्री शिवम जैन (सहसंयोजक युवक मंडल), श्री अनिल जैन बजाज (कोषाध्यक्ष, शाखा आगरा), श्री राहुल जैन, श्री नितेश जैन, श्री दीपक जैन, श्रीमती इंदिरा जैन, श्री प्रमोद कुमार जैन आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन श्री राहुल के जैन एड. (मंत्री, आगरा शाखा) ने किया।

शाखा जयपुर

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा द्वारा यूटूब चैनल पर भजन प्रतियोगिता का आयोजन माह अगस्त में किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा दिनांक 20.09.2020 को ऑनलाइन की गई। प्रतियोगिता में जयपुर से जो प्रतियोगी विजेता रहे उन प्रतियोगियों को दिनांक 11.10.20 को जयपुर शाखा के सानिध्य में श्री पल्लीवाल जैन भवन में एक संक्षिप्त कार्यक्रम का आयोजन कर को सम्मानित किया गया। केटेगरी तृतीय में प्रथम स्थान– श्रीमती बबिता जैन, केटेगरी द्वितीय में द्वितीय स्थान– कु. महिमा जैन, केटेगरी तृतीय में मोस्ट लाइक– श्रीमती अलका रानी जैन रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन द्वारा की गई। कार्यक्रम में महासभा के सहमंत्री श्री संजय कुमार जैन, पत्रिका सम्पादक श्री पी.सी. जैन, कार्यकारणी सदस्य श्री मुकेश चंद जैन, श्री पारस मल जैन, श्री पारस जैन (खेरली), जयपुर शाखा के मंत्री श्री देवेंद्र कुमार जैन, उपाध्यक्ष श्री शिखर चंद जैन, अर्थमंत्री श्री बनवारी लाल जैन आदि उपस्थित थे। प्रतियोगियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन द्वारा पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। तीनों प्रतियोगियों द्वारा एक–एक भजन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में जयपुर शाखा द्वारा स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। राष्ट्रीय महामंत्री श्री राजीव रतन जैन द्वारा दूरभाष पर जानकारी दी गई है कि शीघ्र ही नृत्यांजली प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा।

शाखा अलवर

अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा शाखा अलवर की कार्यकारिणी की बैठक एवं पुरस्कार वितरण समारोह पल्लीवाल महासभा भवन अलवर में हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह का शुभारंभ कनिका जैन के मंगलाचरण से किया गया।

कुमारी कनिका जैन को राष्ट्रीय भजन गायन प्रतियोगिता के ग्रुप–1 में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया तो नमन जैन को सबसे ज्यादा व्यूज प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया। इसी प्रतियोगिता में कुमारी अनवेषा जैन को सर्वाधिक लाइक्स प्राप्त करने के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्री अजीत जी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके गायन की सराहना की। पल्लीवाल महासभा अलवर के अध्यक्ष श्री वी.के. जैन साहब ने भी बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उनकी भूरी–भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में श्री कुलदीप जी एवं श्री अशोक जी जैन ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन पल्लीवाल महासभा अलवर के सांस्कृतिक सचिव अंकुर जैन ने किया।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष श्री रूपेश जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री राकेश जैन, श्री कुलदीप जैन सदस्य, श्री संजय जैन, सहमंत्री सोनू जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी से श्री कमल जैन, श्री सम्भवनाथ दिगम्बर जैन मान्दिर के अध्यक्ष श्री महेश जैन, श्री हरीश जैन, पूर्व कोषाध्यक्ष श्री पार्श्व जैन, जगदीश जैन सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

****

शाखा शिवपुरी

राष्ट्रीय भजन गायन प्रतियोगिता में केटेगिरी–प्रथम में शिवपुरी की कु. रिद्धिमा जैन को द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिवपुरी के प्रमुख श्री रामजी लाल जैन, श्री पी.एल. जैन, श्री एल.के. साहब ने एक कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित किया।

बधाई

अभिनव जैन सुपुत्र डॉ. अशोक कुमार जैन एवं डॉ. बबीता जैन (महवा वाले) का नीट–2020 में ऑल इंडिया रैंक 160वीं आने पर अ.भा.प. जैन महासभा अभिनव के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित करती है।

शालीन जैन सुपुत्र श्री सुशील जैन एवं श्रीमती सविता जैन, निवासी लक्ष्मणगढ़ का नासा में एस्टेरोइड एनालिसिस प्रोग्राम में चयन होने पर अ.भा.प. जैन महासभा शालीन के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं प्रेषित करती है।

महासभा सदस्यता

1. **श्रीमती संगीता प्रशान्त उमाठे जी जैन** धर्मपत्नी श्री प्रशान्त ए. जैन, देवनन्दी कॉलोनी, रनाला, कमाटी, जिला नागपुर *(र.सं. 4855)*
2. **श्री अजीत कुमार जी जैन** पुत्र स्व. श्री बिमल कुमार जैन, प्लाट नं. 289, स्कीम 10, विवेक विहार, अलवर *(र.सं. 4856)*
3. **श्रीमती रेनू जी जैन** धर्मपत्नी श्री अजीत कुमार जैन, प्लाट नं. 289, स्कीम 10, विवेक विहार, अलवर *(र.सं. .....)*

महासभा सहायता

★ **श्री सुधीर जी जैन, विपिन जी जैन एवं श्रीमती साधना जी जैन** धर्मपत्नी स्व. श्री अरूण जी जैन (वडेर वाले) एस–37, वसुन्धरा कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर ने अपने पूज्य पिताजी श्री नन्द किशोर जी जैन के दिनांक 13.10.2020 को स्वर्गवास होने पर उनकी पुण्य स्मृति में रु. 2100/– भेंट किये। *(र.सं. 4832)*

पत्रिका सहायता

★ **श्री सुधीर जी जैन, विपिन जी जैन एवं श्रीमती साधना जी जैन** धर्मपत्नी स्व. श्री अरूण जी जैन (वडेर वाले) एस–37, वसुन्धरा कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर ने अपने पूज्य पिताजी श्री नन्द किशोर जी जैन के दिनांक 13.10.2020 को स्वर्गवास होने पर उनकी पुण्य स्मृति में रु. 2100/– भेंट किये। *(र.सं. डी–2391)*

Sir editorial on Dr. K.C. Jain was real tribute to him. The Man with versatile personality and you have tried to compiled his way of life in few words with good effort.

Thank You for your editorial on person who throw his life in social service and social reforms.

-Chakresh Jain
S/o Late Sh. Nirmal Chand Jain (Sikar)
10/515, Chetna Path, Kaveri Path
Mansarovar Jaipur

विधवा सहायता

★ **श्री बाबूलाल जी जैन** (नौगांवा), आर.जेड. 7ए/2, गली नं. 3, पूरन नगर, पालम गांव, ने अपनी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती लक्ष्मी जैन की पुण्य स्मृति में विधवा सहायता हेतु रु. 6000/– भेंट किये। *(र.सं. 4854)*

★ **श्री विजेन्द्र कुमार जी जैन**, बी–67, कर्मचारी कॉलोनी, अशोक विहार, अलवर ने विधवा सहायता हेतु रु. 12000/– भेंट किये। *(र.सं. 4828)*

★ **श्री ज्ञानचन्द जी जैन**, ए–2, जैन मन्दिर रोड, मोहन नगर, हिण्डौन ने अपनी धर्मपत्नी स्व. श्रीमती गीता जैन की चतुर्थ पुण्यतिथि (दि. 10.10.2020) पर उनकी स्मृति में विधवा सहायता हेतु रु. 12000/– भेंट किये। *(र.सं. 4829)*

★ **श्री रमेश चन्द जी जैन, पंकज जैन**, 12, रेलवे रोड, पालम कॉलोनी, नई दिल्ली–110045 ने विधवा सहायता हेतु रु. 5100/– भेंट किये। *(र.सं. 4830)*

★ **श्री प्रकाश चन्द जी जैन, वी.के. जैन**, 5368–70, लड्डू घाटी, पहाड़गंज, नई दिल्ली–110055 ने विधवा सहायता हेतु रु. 12000/– भेंट किये। *(र.सं. 4831)*

पत्रिका सदस्यता

3075. **Sh. Jinesh Ji Jain,** Khasra No. 871, B-Block, Gali No. 24, Phase 1, Road No. 6, Near Khatu Shyam Mandir, Shyam Vihar, New Delhi-110043, Mob.: 9210724883 *(CR D-2386)*

3076. **Smt. Chandani Ji Jain** W/o Sh. Vivek Kumar Jain, 79/64, Shipra Path, Mansarovar, Jaipur-302020 (Raj.), Mob.: 9413415001 *(CR D-2366)*

3077. **Sh. Nirmal Ji Jain**, Tosh Green Residency, Flat No. 201, Shanti Nagar, Mughal Road, Kamla Nagar, Agra-282006 *(CR D-2365)*

3078. **Sh. Nitin Ji Jain** S/o Sh. Dev Bhushan Jain, House No. WZ-437, Palam Village, New Delhi-110045 *(CR D-2367)*

3079. **Sh. Hitesh Ji Jain,** E-344, Sonesta Meadows, Thubrahalli Extended Road, Thubrahalli, Whitefield, Bangalore-560066 (Karnataka) *(CR D-2389)*

अटूट श्रद्धा

श्यामा एक ग्वाले की पुत्री थी। वह प्रतिदिन नाव से नदी पार कर पण्डित जी के घर दूध देने जाती थी। यह उसका प्रतिदिन का कार्य था। एक दिन वह दूध दे कर लौट रही थी कि वर्षा अधिक होने से नदी में बाढ़ आ गयी। इस कारण वह घर नहीं जा सकी और वही मन्दिर में पण्डितजी के प्रवचन सुनने बैठ गयी।

पण्डितजी प्रवचन में णमोकार मन्त्र की महत्ता बता रहे थे। 'यह णमोकार मन्त्र सब पापों का नाश करने वाला है, इस मन्त्र का जाप करने वाले बड़े-बड़े समुद्र, तालाब नदी आदि को सरलता से पार हो जाते है। श्रीपाल ने इसी मन्त्र का जाप करके विशाल समुद्र को पार किया था।'

यह सुनकर उस कन्या को भी णमोकार मन्त्र के प्रति अचल श्रद्धा हुई। वह मन्दिर से नदी पर आई और तुरन्त ही णमोकार मन्त्र को याद कर नदी में कूद पड़ी। मन्त्र जपते-जपते नदी पार हो गयी। अब उसकी श्रद्धा और भी बढ़ गयी। वह प्रतिदिन नाव से आती थी, पर अब वह मन्त्र के द्वारा नदी पार आने-जाने लगी। नाव के पैसे भी बचने लगे। प्रतिदिन णमोकार मन्त्र के प्रभाव से नदी पार कर आना-जाना बढ़ने लगा। उसकी पण्डितजी के प्रति श्रद्धा भी बढ़ने लगी। एक दिन उसने पण्डितजी से कहा- आपने मुझ पर बड़ा उपकार किया है, मुझे अचूक मन्त्र दिया है। आप कल मेरे घर भोजन को पधारें। पण्डितजी ने स्वीकृती दे दी। कन्या प्रात: काल आई और पण्डितजी को कहा चलिए। पण्डित जी बालिका के साथ चल दिए। सामने गहरी नदी देख पण्डितजी बोले, बेटी! नदी पार कैसे करेंगे? नाव नहीं है। कन्या ने णमोकार मन्त्र जपा और नदी में कूद गयी और किनारे पर पहुंच गयी। कन्या पुकारने लगी- 'पण्डितजी आइये', पर पण्डितजी का साहस नहीं हुआ। वे सोचने लगे 'कहीं डूब गया तो परिवार का क्या होगा।'

पण्डितजी को कन्या बुला रही है- पण्डित जी! आपने तो उपदेश दिया था कि णमोकार मंत्र के स्मरण से बड़े-बड़े नदी, तालाब क्षण मात्र में पार किये जा सकते हैं। अब क्या हो गया आपको? पर पण्डितजी का साहस नहीं हुआ, वह कन्या श्रद्धा के बल नदी पार कर गयी। पण्डितजी किनारे पर ही खड़े रहे।

ये उस पण्डितजी की कहानी नही , बल्कि हम सबकी कहानी है। हमें भी हमारे देव शास्त्र गुरु पर सच्चा श्रद्धान नहीं है इसलिए हम कुदेव कुगुरु, कुशास्त्र को भजते हैं उनका प्रचार-प्रसार करते हैं और अपने धर्म के प्रचार-प्रसार में उदासीन रहते हैं। अगर हम सभी को भी णमोकार मन्त्र, वीतरागी देव-शास्त्र-गुरु पर अटूट श्रद्धा हो तो नदी, समुद्र ही क्या संसार का बेड़ा भी पार हो जायेगा।

प्रेरक प्रसंग

आचार्य श्री 108 सुधर्म सागर जी महाराज का समाधिमरण

सन् 2013 में पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति की स्थापना 11 संरक्षक सदस्यों के द्वारा की गई थी। समिति को अस्तित्व में लाने के लिए विचार चल रहा था। समिति अपनी योजनाओं के प्रथम चरण में हॉस्टल चालू करने पर विचार कर रही थी, कि जयपुर में बाहर से आने वाले समाज के पढ़ने वाले बच्चों को यह सुविधा निःशुल्क कैसे उपलब्ध कराई जाए। लेकिन फण्ड की भी स्थिति अच्छी नहीं थी, अतः इसे कैसे प्रारंभ किया जाय, यह चिंतन शिक्षा समिति के मनमस्तिष्क में चल रहा था। प्रथम अध्यक्ष आदरणीय श्री आर.सी. जैन के मन में विचार आया कि सीतापुरा इंजीनियरिंग कॉलेजों का हब है, इसके आस-पास ही हॉस्टल खोला जाय तो समाज के ज्यादातर बच्चों को लाभ होगा। अध्यक्ष जी के सुझाव पर पूरी कार्यकारिणी बीलवा, टोंक रोड महाराज श्री सुधर्म सागर जी के पास गयी, महाराज श्री सुधर्म सागर जी द्वारा स्थापित श्री शान्तीनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर के परिसर में यात्रियों के विश्राम हेतु बहुत सारे कमरे बने हुए हैं। समिति के अध्यक्ष श्री आर.सी. जैन ने महाराज श्री को पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए समिति की समस्त समस्याओं के बारे में अवगत कराया। पूज्य महाराज श्री सुधर्म सागर जी द्वारा समिति की बात को अत्यन्त गम्भीरता के साथ सुना और तुरन्त समस्या का समाधान करते हुए हॉस्टल के लिए 10 कमरे देने की सहमति और आशीर्वाद देते हुए कहा कि 'यह बहुत अच्छा कार्य है। समिति को पलंग आदि भी यहां से दिला दूंगा तथा रसोई का शेष कार्य भी पूर्ण करवा देता हूं।' महाराज जी इन आशीष वचनों से सभी सदस्यों में जोश आ गया तथा 20 दिन में ही 20 बच्चों के रहने व खाने की व्यवस्था हो गयी। हालांकि हॉस्टल ज्यादा दिन नहीं चला। वहां से रात्रि में साधन न होने से बच्चे रुक नहीं पाए। लेकिन महाराज जी की इस पहल व आशीर्वाद से समिति को आगे चलने की राह व उत्साह मिला, जिसका परिणाम है कि आज जगतपुरा में 5 मंजिला भवन का निर्माण हो चुका है, जिसमें प्राथमिक पाठशाला व हॉस्टल का फिनिशिंग का कार्य चल रहा है। पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति देवलोकगामी मुनि श्री 108 सुधर्मसागर जी के श्री चरणों में वंदन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करती है। समिति उनके उपकारित मार्गदर्शन को हमेशा याद रखेगी। परमपिता परमात्मा उनकी आत्मा को मोक्ष पथ की ओर अग्रसित करते हुए परम शांति प्रदान करें, इसी भावना के साथ।

-अशोक कुमार जैन, मंत्री
एवं समस्त कार्यकारिणी पल्लीवाल जैन शिक्षा समिति

प्रथम पुण्यतिथि पर भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. कु. प्रतिष्ठा जैन

(जन्मतिथि : 15.03.1998 - पुण्यतिथि : 21.10.2019)

हमारी जीवन शैली में, शैली तेरी याद रहेगी।
हमारे दिलों में प्रतिष्ठित, प्रतिष्ठा तो हमेशा हमारे साथ रहेगी।

श्रद्धावनत

ताई-ताऊजी :
विनिता-विनोद जैन
चाचा-चाची :
रिम्पी-सौरभ जैन
मौसी-मौसाजी :
कंचन-राजकुमार जैन
मामा-मामी :
आशा-विमल चंद जैन
स्नेहलता-विनोद कुमार जैन
अंजु-विजेन्द्र जैन

दादा-दादी :
स्व. श्रीमती शारदा देवी जैन-डॉ. रज्जन सिंह जैन
मम्मी-पापा :
बीना-ऋषभ जैन
नाना-नानी :
जैनमती जैन-कपूर चन्द जैन

बुआ-फूफाजी :
विमलेश-ओ.पी. जैन
डॉ. रेखा-डॉ. अतुल जैन
भाई, बहिन :
प्रियम, मेघा, खुशी, काव्य, प्रेरक, ईशा, विदुषी, आयुषी, अक्षत, अर्णिमा, भूपेश, रजत, हर्षित, यश, अविरल, अर्पित, शालिनी, निकिता, प्रज्ञा, साक्षी

निवास : 43/204, जैन गली, सिकन्दरा, आगरा, मो.: 9897263951, 8077450670

चतुर्थ पुण्यतिथि

स्व. श्रीमती कुसुम देवी जी जैन

(15.10.1947 - 07.11.2016)

(मूल निवासी-वैर, भरतपुर)

श्रद्धासुमन अर्पित

पी.सी. जैन (पति)

(सेवानिवृत प्राचार्य)

श्रद्धावनत

पुत्र-पुत्रवधु :
तरूण कुमार जैन-सुमित्रा जैन
राजीव जैन-दीपमाला जैन

पौत्र-पौत्री :
हर्ष, प्रगति, इशीता, ईशान

पुत्री-दामाद :
राजश्री जैन-सुभाष जैन
मंजूश्री जैन-राजेन्द्र जैन
मालाश्री जैन-डॉ. प्रदीप जैन

नवासा-नवासी :
नेहा, शुभम, यश, लीना, चेतन, मोहित

देवर-देवरानी :
कैलाश चन्द जैन-राजुल जैन
सुरेश चन्द जैन-मंजूलता जैन

ननद-ननदेउ :
कौशल जैन-सुरेश चन्द जैन

-: प्रतिष्ठान :-

वैज्ञानिक दृष्टिकोण
123/83, मानसरोवर,
जयपुर-302020

केयरडील फार्मा
एस-1, स्वास्तिक अपार्टमेंट, बी-25,
गंगा-जमुना कॉलोनी, मुरलीपुरा, जयपुर-39

फोन: +911412946353, 9414072893, 9414052453, 9414066864

पूज्य पिताजी स्व. श्री कपूरचन्दजी जैन व माताजी स्व. श्रीमती अंगूरी देवी जैन की
पुण्य स्मृति में

विमल चन्द जैन (रेता वाले)

ग्रुप ऑफ कम्पनीज

DEALERS & SUPPLIERS OF SILICA SAND & OTHER GLASS RAW MATERIAL

AKHIL JAIN (M) 9899823557 • ANKIT JAIN (M) 9837478564

★ The Rajasthan Silica Sand Suppliers
★ Santosh Mineral & Chemical Co.
★ S.B. Jain Mineral Enterprises
★ Super Fine Mineral Traders
★ Shree Vimal Silica Traders
★ Quality Silica Traders

128-129, गणेश नगर,
सेक्टर प्रथम,
पानी की टंकी के सामने,
फिरोजाबाद (उ.प्र.)
सम्पर्क : 098372-53305
090128-74922
05612-260096

अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

हमारे पूजनीय साहजी साहब

स्व. श्री नन्द किशोर जी जैन

(भूतपूर्व अध्यक्ष, अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा, शाखा जयपुर)

के दिनांक 13 अक्टूबर 2020 को
आकस्मिक देवलोक गमन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए
वीर प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

श्रद्धावनत

मोहनलाल जैन
आदेश जैन-अमिता जैन
(नूतन)
अमरीश जैन-मन्जू जैन
आदित्य जैन-विशाखा जैन
हनी जैन
ऋषभ जैन
आयुषी जैन

महेश चन्द जैन
सुनीता जैन
दिपांशु-प्रीति जैन

प्रतिष्ठान :
नूतन एण्ड कम्पनी
मोहन एण्ड संस
आगरा

आदेश जैन
नारायण टॉवर, फ्लेट नं. 405, संजय पैलेस, आगरा-28002

अश्रुपूरित श्रद्धांजलि

हमारे पूज्यनीय

स्व. श्री नन्द किशोर जी जैन

(से.नि. प्रशासनिक अधिकारी)

(भूतपूर्व अध्यक्ष, अखिल भारतीय पल्लीवाल जैन महासभा, शाखा जयपुर)

के दिनांक 13 अक्टूबर 2020 को
आकस्मिक देवलोक गमन पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए
वीर प्रभु से प्रार्थना करते हैं कि उन्हें अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें।

श्रद्धावनत

पुत्र-पुत्रवधु :
सुधीर-रेनू
(IFS)
विपिन-बीना
(Gemcentre) (MHS)
साधना धर्मपत्नी श्री अरूण

पौत्र, पौत्री :
सौरभ, राहुल, नैंसी

पौत्री-पौत्री दामाद :
स्वाति-हितेष

पुत्री-दामाद :
सुधा-राजेश

नवासे :
मनीष-मोनिका
प्रशांत-प्रियंका
(ग्वालियर)

निवास

एस-37, वसुंधरा कॉलोनी, टोंक रोड, जयपुर, मो.: 9414068657, 9929777779

With Best Compliments From

Authorised Distributor for

- ★ Johnson & Johnson Ltd.
- ★ SD. BIO SENSOR
- ★ Ortho Clinical Diagnostics
- ★ Lifescan-Division, for one touch Brand Glucometers & Strips.
- ★ Biorad Laboratories
- ★ Alere Medical
- ★ Transasia Biomedical Ltd.
- ★ LILAC Medicare

Sanjay Jain - Rajeev Jain

S.R. Enterprises

223, Bichoon Market, Kishanpole Bazar, Jaipur-302 003
Ph.: (O) 2322089, 2323903 (R) 2546017 • Fax : 0141-4022089
(M) +91-98290 12628, 94140 76265

भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. श्री मनमोहन जी जैन
(पुण्यतिथि : 25.10.2014)

स्व. श्रीमती शान्ती देवी जी जैन
(पुण्यतिथि : 20.10.2019)

हम सभी परिवारजन आपके प्रेरणादायक चरित्र का स्मरण करते हुए श्रद्धापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

पौत्री-दामाद :
नेहा-राहुल
यामिनी-चिराग
नवासी :
सानवी, मीराया, दृश्या

पुत्र-पुत्रवधु :
उमेश-ममता
एवं
समस्त बरवासिया परिवार

भाई :
रिखबचन्द
बहन-बहनोई :
त्रिशला
चन्द्रप्रभा-सुमेरचन्द

FIRM
You Kay Distributors
Distributors for Alwar

GALA | SIGNORAWARE | ACE (GLAIR) | KOHE (KANGARO) | PEARL PET

111, M.G. Market Road No. 2, Market, Alwar
Mob.: 9413303581 • email : youkaydistributors@gmail.com

निवास : 61, चेतन एन्क्लेव फेज-प्रथम, जयपुर रोड, अलवर, निवास : 0144-4901826

भावभीनी श्रद्धांजलि

स्व. श्री सतीश चन्द्र जी जैन

हम सभी परिजन आपके उच्च विचारों व आदर्शों को अपने जीवन में उतारने को सदैव प्रयासरत है तथा आपको सदैव श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं।

श्रद्धावनत

श्रीमती उषा जैन (धर्मपत्नी)

पुत्र-पुत्रवधू :
सत्येन्द्र जैन-श्वेता जैन
भूषण जैन-शिखा जैन
नमित (पौत्र)
अनुरा (पौत्री)
अबीर (पौत्र)

पुत्री-दामाद :
सुकृता जैन-राजीव जैन
सुवृता जैन-विजय जैन
अलका जैन-सतीश चन्द्र जैन

भाई-भाभी :
भागचन्द जैन-वीर बाला जैन
पवन जैन-अलका जैन

बहन-बहनोई :
प्रतिभा जैन
प्रदीप जैन
रेनू जैन

शिवानी, विधि, शुभम, ईशान, संभव (दोहती-दोहते)

प्रतिष्ठान

दिग्विजय सेंसर्स, अजमेर
492/34 कोकिल कुंज,
पाल बीछला, अजमेर
फोन : 0145-2433238
मो. 9414003138

एस. बी. एन्स्ट्रूमेंट, आगरा
10/4 पुष्पांजलि एन्क्लेव, फेस-I,
खतैना रोड, लोहा मंडी, आगरा
फोन : 0562-2811585
मो. 9412261724

हेपिटाइटिस-बी (Hepatitis-B) इन्फेक्शन

विश्व के लगभग 3.4 प्रतिशत अथवा 240 मिलियन जनसंख्या हेपिटाइटिस–बी से दीर्घकालिक (Chronic) रूप से संक्रमित है। भारत में इसका प्रसार (Prevalence) 2 से 8% है। भारत में हेपेटाइटिस–बी का इन्फेक्शन पिछले कुछ वर्षों से बढ़ रहा है। हेपिटाइटिस–बी इनफेक्शन की जांच एचबीएस एंटीजन (HbSAg) सामान्यतः ब्लड डोनेशन के वक्त, प्रेगनेंसी के दौरान एवं किसी भी ऑपरेशन से पहले की जाती है।

1. हेपेटाइटिस–बी इन्फेक्शन क्या है?

यह एक वायरल इंफेक्शन है, जो कि मनुष्य में ब्लड ट्रांसफ्यूजन, अनस्टेरलाइज्ड सुई द्वारा इंजेक्शन लगाने से, मां से बच्चे में गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान तथा सेक्सुअल रूट से फैलता है, यानी संक्रमित (Infected) मरीजों के ब्लड से संपर्क में आने पर यह इंफेक्शन होता है।

2. हेपेटाइटिस–बी इंफेक्शन के क्या लक्षण है?

यह इंफेक्शन दो तरह से प्रकट होता है– तीव्र (Acute) एवं दीर्घकालिक (Chronic)

Acute (तीव्र) इन्फेक्शन– इसमें मरीजों को पीलिया, हल्का बुखार, भूख बंद होना एवं उल्टी होना इत्यादि लक्षण होते हैं। यह इन्फेक्शन अधिकतर सिंप्टोमेटिक इलाज से 15–20 दिन में ठीक हो जाता है। लेकिन कुछ मरीजों में लिवर फैलियर हो जाता है, जिससे मरीज की मृत्यु हो सकती है अथवा लिवर ट्रांसप्लांटेशन की जरूरत पड़ती है। हालांकि वयस्क मरीजों में 95 प्रतिशत तक यह पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है एवं इंफेक्शन शरीर से खत्म हो जाता है। यदि इन्फेक्शन बच्चों में होता है तो 95% बच्चों में दीर्घकालिक इन्फेक्शन के रूप में रह सकता है।

Chronic (दीर्घकालिक) इन्फेक्शन– शरीर में आजीवन रहता है। दीर्घकालिक इन्फेक्शन निष्क्रिय से सक्रिय अवस्थाओं में रहता है। सक्रिय रहने पर यह लिवर को डैमेज करता है तथा लिवर सिरोसिस एवं लिवर कैंसर होने की संभावना रहती है।

3. किन–किन लोगों को हेपिटाइटिस–बी की जांच करवानी चाहिए?

गर्भावस्था के दौरान, शराब (Alcohol) एवं अन्य नशा करने वाले लोग, लिवर की बीमारी वाले मरीजों में, कैंसर कीमोथेरेपी लेने वाले मरीजों में, डायलिसिस वाले मरीजों में, हेल्थ केयर वर्कर, हेपेटाइटिस–बी पॉजिटिव मदर से होने वाले बच्चों में और उन लोगों को जिनके परिवार में पहले से ही कोई व्यक्ति हेपिटाइटिस–बी पॉजिटिव है।

4. संक्रमित व्यक्ति से दूसरे लोगों में इंफेक्शन को फैलने से कैसे रोका जाए?

पति–पत्नी एवं परिवार में रहने वाले सभी लोगों को हेपेटाइटिस–बी के टीके लगवाने चाहिए, टूथब्रश और रेजर को शेयर नहीं करना चाहिए, मरीज के घाव को ढक कर रखना चाहिए, मरीज को ब्लड और अंग दान नहीं करना चाहिए एवं मरीज के ब्लड के संपर्क में आने से बचना चाहिए।

लेकिन हेपेटाइटिस–बी से संक्रमित व्यक्ति सभी गतिविधियों में जैसे खेलकूद, नौकरी इत्यादि में भाग ले सकता है। खाना और बर्तन शेयर कर सकता है। बच्चे स्कूल में अन्य सभी बच्चों के साथ अध्ययन कर सकते हैं।

5. दीर्घकालिक (Chronic) इनफेक्शन का इलाज कैसे किया जाता है?

सभी संक्रमित व्यक्तियों को इलाज की जरूरत नहीं रहती है या वर्षों तक इलाज की आवश्यकता नहीं पड़ती है। लेकिन इन व्यक्तियों को नियमित रूप से 3–6 महीने में अपनी लिवर संबंधी जांच करवानी चाहिए और जब यह इन्फेक्शन लिवर डैमेज करता है तो इलाज के लिए दवाई दी जाती है एवं इंफेक्शन को कंट्रोल किया जाता है, जिससे लिवर डैमेज ना हो। ईलाज कई वर्षों तक चलता है, कई बार आजीवन लेना पड़ता है।

–डॉ. मुकेश जैन
सहायक आचार्य, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग,
सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज जयपुर

शोक संवेदना

श्री पदम चंद जी जैन पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल जी जैन पंसारी मौजपुर वाले हाल निवासी अलवर गेट, अजमेर का स्वर्गवास दिनांक 3 मार्च 2020 को हो गया। आप सरल स्वभाव, मिलनसार, धार्मिक, मृदुभाषी एवं सदैव परमार्थ में लीन तपस्वी की तरह उच्च विचार वाले अच्छे व्यक्तित्व के धनी थे।

श्री रमेशचंद जी जैन, महतौली वाले (से.नि. तहसीलदार) सोडाला जयपुर का स्वर्गवास दिनांक 19 सितंबर 2020 को हो गया। आप सरल स्वभावी, मिलनसार, धार्मिक, मृदुभाषी थे।

श्री विजय कुमार जी जैन पुत्र स्व. श्री बाबूलाल जैन (अरूआ वाले) का स्वर्गवास दि. 14 सितंबर 2020 को हो गया। आप सरल स्वभावी, मिलनसार, धार्मिक, मृदुभाषी थे।

श्री रमेश चन्द जी जैन निवासी मेहन्दीपुर बालाजी, तह. सिकराय, जिला दौसा का स्वर्गवास दि. 8 सितंबर 2020 को हो गया। आप सरल स्वभावी, मिलनसार, धार्मिक, मृदुभाषी थे।

श्री किन्ना जी जैन धर्मपत्नी श्री रमेश चन्द जैन (पत्रकार) दांतिया, खेड़ली (अलवर) का स्वर्गवास दि. 2 सितंबर 2020 को हो गया। आप सरल हृदयी व धार्मिक महिला थीं।

अ.भा.प. जैन महासभा वीर प्रभु से उपरोक्त आत्माओं को शान्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हुए शोक संवेदना व्यक्त करती है।

आओ पेड़ लगाए हम

आओ पेड़ लगाए हम, धरती को स्वर्ग बनाएं हम,
आओ सुरभित– मुखरित पर्यावरण बनाएं हम।

पेड़ हमें देते है जीवन, हरियाली से बनता उपवन,
पेड़ों को कटने से बचाए, वायु को शुद्ध बनाएं हम।

सरिता पानी देती हमको, सबकी प्यास बुझाती है,
कचरादान बनने से रोके, इसको स्वच्छ बनाएं हम।

निर्झर बहने दे गिरी से, भूधर से हाथ मिलाए हम,
आओ पेड़ लगाए हम, धरती को स्वर्ग बनाये हम।

जीव, जंतु जितने सबको जीने का अधिकार मिला,
चिड़िया चहके, मोर नाचे, कोयल के संग गाएं हम।

घनघोर घटाएं छाए तब नभ का ग्वाला हाथ हिलाए,
लुक छुप, लुक छुप और आंख मिचोनी खेले हम।

गो धूलि बेला के नव संगम से हाथ मिलाए हम,
आओ पेड़ लगाए हम, धरती को स्वर्ग बनाये हम।

पंच तत्व से बनी प्रकृति इससे ही बनी है ये काया,
दोनों में सामंजस्य जरूरी इक दूजे के पूरक हम।

स्वार्थ लिप्सा में मानव ने मां को खंजर भोंक दिया,
गलती हमसे हुई है ऐसी कुदरत से भिड़ बैठे हम।

जिसका फल हमने पाया, अपनी भूल सुधारे हम,
आओ पेड़ लगाए हम धरती को स्वर्ग बनाये हम।

अपना प्यार लुटा कर हम वसुधा का सम्मान करे,
जीवनदायिनी शक्ति को दिल से प्रणाम करे हम।

पर्यावरण सुरभित हो, देता जीवों को नव जीवन,
मुखरित हो कहता प्रकृति से रिश्ते बनाएं हम।

जीवन पावन बनाएं, प्रकृति से हाथ मिलाए हम,
आओ पेड़ लगाए हम, धरती को स्वर्ग बनाये हम।

–सुनीता जैन 'सुनीति'
व्याख्याता, भरतपुर

यदि कर्म का फल तुरंत नहीं मिलता तो इससे यह नहीं समझ लेना चाहिए कि उसके भले–बुरे परिणाम से हम सदा के लिए बच गए। कर्मफल एक ऐसा अमिट तथ्य है कि जो आज नहीं तो कल भोगना पड़ेगा।

कभी–कभी इन परिणामों में देर इसलिए होती है कि ईश्वर मानवीय बुद्धि की परीक्षा करना चाहता है कि व्यक्ति अपने कर्तव्य धर्म को समझ सकने और निष्ठापूर्वक पालन करने लायक विवेक व बुद्धि संचित कर सका है या नहीं। हमारे शास्त्रों में संचित कर्म का उल्लेख किया गया है। इसका मतलब यही है कि किसी व्यक्ति के पूर्व जन्म के कर्मों का फल उसे अगले जीवन में भुगतना होता है। इसीलिए हमारे यहां पुनर्जन्म की संकल्पना को विशेष महत्व दिया गया है।

